गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की माणसा नगरपालिका के विभिन्न विकास कार्यो का उद्घाटन व शिलान्यास किया

## प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गुजरात सहित देशभर में विकास और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के एक नए युग की शुरुआत हुई है

## सोमनाथ मंदिर को तोड़ने वालों के आज नामोनिशान मिट गए, लेकिन सोमनाथ मंदिर हजारों साल बाद और भी वैभवता के साथ खड़ा है

## सोमनाथ मंदिर पूरी दुनिया को संदेश देता है कि सनातन धर्म, संस्कृति और लोगों की आस्था को मिटाना आसान नहीं, ये सूर्य और चंद्रमा जितनी अमर, अमिट हैं

## माणसा क्षेत्र में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस 11 मंजिला नए सिवल हॉस्पिटल के बन जाने के बाद किसी को भी ईलाज के लिए माणसा से बाहर नहीं जाना पड़ेगा

## अहमदाबाद को एक ऐसी स्पोर्ट्स सिटी के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान बना रही है

## स्कूल और कॉलेज के खिलाडी खेल सुविधाओं का उपयोग कर न केवल अपने शरीर मन और आत्मविश्वास को मजबूत बनाएं बल्कि दुनियाभर में अपना नाम भी उज्जवल करें

प्रविष्टि तिथि: 13 JAN 2026 8:00PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज गुजरात की माणसा नगरपालिका के विभिन्न विकास कार्यों का उद्‌घाटन व शिलान्यास किया। इस अवसर पर मेहसाणा संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री हरि भाई पटेल सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने सम्बोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में गुजरात सहित देशभर में विकास और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण के एक नए युग की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि माणसा क्षेत्र बहुत ही महत्वपूर्ण स्ट्रैटेजिक लोकेशन पर स्थित है और उसके संपूर्ण विकास का सतत प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात सरकार ने माणसा क्षेत्र में बराज का कार्य शुरू किया है। साथ ही, रामपुर माणसा क्षेत्र में दूसरा बराज और गांधीनगर के पास तीसरा बराज बनाने का प्रावधान है ताकि उन्नत जल प्रबंधन के तहत हानिकारक फ्लोराइड-मिले जल से जनमानस को मुक्ति मिले और आने वाली पीढ़ियों को लाभ मिल सके।

श्री अमित शाह ने कहा कि माणसा क्षेत्र में नया सिविल हॉस्पिटल बनाया जायेगा, वर्ष 2030 तक अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस 11 मंजिला अस्पताल के बन जाने के बाद किसी को भी इलाज के लिए माणसा से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि नया सिविल हॉस्पिटल बनने के बाद SD आर्ट्स एवं BR कॉमर्स कॉलेज कैंपस के अंदर मेडिकल कॉलेज की शुरुआत भी की जाएगी। श्री शाह ने कहा कि 110 करोड़ रुपये के खर्चे से माणसा से पिलवाई के बीच हाईवे और 100 करोड़ रुपये की लागत से बलवा से गोचरिया का निर्माण किया जायेगा।

श्री अमित शाह ने कहा कि मोदी जी ने 11 तारीख से पूरा एक वर्ष 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' की शुरुआत की, एक हजार वर्ष पहले अपना भव्य सोमनाथ का मंदिर मोहम्मद गजनी ने तोड़ा था, फिर लगातार अलाउद्दीन खिलजी, अहमद शाह, मोहम्मद बेगड़ा, औरंगजेब, लगातार ये लोग मंदिर तोड़ते रहे और हमारे पूर्वज नया बनाते रहे, तोड़ने वालों को तोड़ने में विश्वास था, बनाने वालों को बनाने में विश्वास था। एक हजार वर्ष बाद देखो, तोड़ने वाले कहीं न कहीं गुम हो गए और सोमनाथ का मंदिर आज भी अडिग समुन्द्र के किनारे खड़ा है। यह सोमनाथ का मंदिर सरदार पटेल, के एम मुंशी, जाम साहेब और अपने पहले राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद जैसे महानुभावों ने संकल्प करके पुनर्निर्माण किया, संकल्प के पीछे का आशय क्या था कि सोमनाथ पर किया गया हमला, वो केवल मंदिर पर का हमला नहीं बल्कि, हमारे विश्वास, हमारे धर्म और हमारे स्वाभिमान पर हमला था और उसका जवाब हमले से नहीं हो सकता, इसका जवाब स्वाभिमान की रक्षा से ही हो सकता है और आज एक हजार साल के बाद 16-16 बार तोड़ने के बाद भी सोमनाथ मंदिर गगनचुम्बी भगवा ध्वजा के साथ वहीं प्रस्थापित है और भव्य सोमनाथ का कॉरिडोर मोदी जी के नेतृत्व में वहाँ बन रहा है। ये पूरी दुनिया को संदेश है कि सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और भारत के लोगों की आस्था को मिटाना इतना आसान नहीं है, ये तो सूर्य और चंद्रमा जितनी अमर और अमिट है। सोमनाथ का यह मंदिर भारत के विश्वास, आस्था और गौरव का प्रतीक है। अगला पूरा एक वर्ष 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के तौर पर हम मनाने जा रहे है, अनेक कार्यक्रम होने वाले है, भारत की आत्मा को झकजोरने के लिए, चेतना को जागृत करने के लिए और सनातन धर्म की जड़ों को पाताल तक, गहराई तक ले जाने के लिए यह सोमनाथ स्वाभिमान वर्ष हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लैस स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स के निर्माण के लिए गुजरात सरकार को धन्यवाद देते हुए सम्बंधित कलेक्टर को निर्देश दिया कि इस बेहतरीन जिम को केवल खिलाड़ियों के लिए ही नहीं बल्कि माणसा के नागरिकों के लिए भी खोल दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमत्री मोदी जी के नेतृत्व में गुजरात सहित पूरे देश में खेलकूद और स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का सुंदर वातावरण तैयार किया गया है। अहमदाबाद को एक ऐसी स्पोर्ट्स सिटी के रूप में तैयार किया जा रहा है जो न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में अपनी विशेष पहचान बना रही है।

श्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2030 में होने वाले कॉमनवेल्थ खेलों में 117 देशों के खिलाड़ी अहमदाबाद आएंगे। इसके अलावा 2029 में विश्व पुलिस और फायर सर्विस गेम भी अहमदाबाद में होंगे। उन्होंने कहा कि 2036 के ओलंपिक खेल भी अहमदाबाद में ही करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। गृह मंत्री ने माणसा क्षेत्र के जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से कहा की वे सब यह सुनिश्चित करे कि आसपास के स्कूल और कॉलेज के खिलाडी भी खेल सुविधाओं का उपयोग कर न केवल अपने शरीर मन और आत्मविश्वास को मजबूत बनाएं बल्कि गुजरात, देश और दुनिया में अपना नाम भी उज्जवल करें।

गृह मंत्री ने कहा कि अहमदाबाद के आधुनिक फायर स्टेशन की तर्ज पर माणसा में भी आज नया फायर स्टेशन बन कर तैयार है। साथ ही गुजरात सरकार ने माणसा में नए सर्किट हाउस और पुलिस स्टेशन की भेंट भी दी है। उन्होंने कहा कि पिछले 4 वर्षों में 13 तालाबों को साथ में जोड़कर ऐसी व्यवस्था की है जिससे पूरे वर्ष पानी उपलब्ध रहेगा। चंद्रसार तालाब के विकास की प्रशंसा करते हुए श्री शाह ने कहा ऐसी व्यवस्था को बनाये रखने में जन भागीदारी बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमें ही अपने गांव व नगर को स्वच्छ रखने का संकल्प करना होगा और इसके लिए हमारे युवाओ को आगे आना होगा।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा भारत की जनता ने यह संकल्प लिया है कि 2047 में जब देश की आजादी की शताब्दी मनाई जाए तब भारत दुनियभार में भर में हर क्षेत्र में पहले स्थान पर हो। श्री शाह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि आने वाला समय भारत के युवाओं का है। भारत के युवाओं को अपने पुरुषार्थ, मेधा और हिम्मत से देश को दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर ले जाना है और माणसा सहित पूरा देश इसमें सहयोगी बने।

*****

**RK/PR/PS/SK**

(रिलीज़ आईडी: 2214289) आगंतुक पटल : 363